Adda247
GET IT ON Google Play

Exam Date - 13-02-23

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 16
Number of Pages in Booklet : 16
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150
**Paper Code : 04**
**Sub: Hindi**

**STS-32**

प्रश्न–पुस्तिका संख्या व बारकोड
**Question Booklet No. & Barcode** 3097669

इस प्रश्न–पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए
**Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

**समय : 2:30 घण्टे**
**Time : 2:30 Hours**

# Paper - II

**अधिकतम अंक : 300**
**Maximum Marks : 300**

**प्रश्न–पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न–पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :**
- **प्रश्न–पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है।**
- **प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/मुद्रण त्रुटि नहीं है।**

**किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न–पत्र प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper the candidate should ensure that :**
- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR answer sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र **एक** ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
5. OMR उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें।
6. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: **1, 2, 3, 4** अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **नीले बॉल पॉइंट पेन** से गहरा करना है।
9. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
6. Please correctly fill your Roll Number in **O.M.R.** Answer Sheet. Candidate will themself be responsible for filling wrong Roll No.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4.** You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **Blue Ball Point Pen.**
9. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Prevention of Unfair means) Act, 2022 & any other law applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**उत्तर–पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर–पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर–पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे। परीक्षार्थी कार्बन प्रति को अपने साथ ले जायेंगे।**

**04-□**

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

20,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

1. निम्न में से 'नि' उपसर्ग से बना शब्द नहीं है :
(1) निर्दशन (2) निवास
(3) निर्दोष (4) निम्न

2. निम्न में से किस विकल्प में 'परा' उपसर्ग से निर्मित शब्द है ?
(1) पराधीन (2) परार्थ
(3) परामर्श (4) परायण

3. 'ईन' प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है –
(1) संकीर्ण (2) ग्रामीण
(3) नवीन (4) कुलीन

4. निम्न में से 'तद्धितांत' शब्द नहीं है :
(1) चतुराई (2) चचेरा
(3) मिठास (4) भिड़ंत

5. लघुतावाचक तद्धित प्रत्यय के प्रयोग से बना शब्द है –
(1) खटिया (2) लघुता
(3) रसोइया (4) मधुरता

6. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'ई' प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) दानी (2) सिलाई
(3) धनी (4) मानी

7. निम्न में से किस विकल्प में सभी शब्द 'किरण' के पर्यायवाची हैं ?
(1) मरीचि, जाह्नवी, सुधांशु
(2) अंशु, रश्मि, कर
(3) प्रभा, मंदाकिनी, मृगांक
(4) उदक, रजनीचर, भास्कर

8. 'विबुध' शब्द निम्न में से किसका पर्यायवाची है ?
(1) सूर्य (2) विहग
(3) देवता (4) विशिख

9. 'रस्सी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है –
(1) रसज्ञा (2) गुण
(3) रज्जु (4) डोर

10. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'चन्द्रमा' का पर्यायवाची नहीं है ?
(1) मृगांक (2) इन्दु
(3) विधु (4) कुंतल

11. विलोम की दृष्टि से सुमेलित विकल्प नहीं है –
(1) अधिकृत – अनधिकृत
(2) अंत – आदि
(3) प्रबल – सबल
(4) अदृश्य – दृश्य

12. 'ऋत' का विलोम शब्द है –
(1) सत्य (2) सोच
(3) सरल (4) अनृत

13. कौन सा विलोम युग्म गलत है ?
(1) शूरता – भीरुता (2) ऋजु – वक्र
(3) गरिमा – अणिमा (4) पाप – पुण्य

14. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'स्थावर' का विलोम है ?
(1) अस्थिर (2) जागरण
(3) जंगम (4) अधीर

Adda247 GET IT ON Google Play

15. निम्नलिखित में से किस विकल्प में 'अंबर' का अर्थ नहीं है ?
(1) आकाश (2) केसर
(3) वस्त्र (4) पवन

16. 'मोर', 'साँप', 'बादल' निम्न में से किसके अर्थ हैं ?
(1) पतंग (2) सारंग
(3) तुरंग (4) अनंग

17. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'भव' का अनेकार्थी नहीं है ?
(1) लोक (2) संसार
(3) होना (4) सर्प

18. 'धन' और 'प्रयोजन' के अर्थ का सूचक शब्द है –
(1) अपेक्षा (2) अक्षर
(3) अर्थ (4) उत्तर

19. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सही नहीं है ?
(1) अंश – भाग
अंस – कंधा
(2) अगम – शास्त्र
आगम – जहाँ पहुँचा न जा सके
(3) दीप – दीपक
द्वीप – टापू
(4) अलि – भौंरा
आली – सखी

20. निम्न में 'आदि' और 'आदी' का अर्थ है –
(1) मानसिक कष्ट, आधा
(2) आरंभ, अभ्यस्त
(3) आदत, आरंभ
(4) प्राचीन, आभास

21. निम्न में से सुमेलित विकल्प नहीं है :
(1) जो भूमि उपजाऊ हो – उर्वरा
(2) इंद्रियों से संबंधित – ऐंद्रिक
(3) इस लोक से संबंधित – ऐतिहासिक
(4) जिसका संबंध उपन्यास से हो – औपन्यासिक

22. 'आशुतोष' शब्द के लिए उपयुक्त वाक्यांश है –
(1) जो हमेशा रहने वाला है ।
(2) जो प्रारंभ से चला आ रहा है ।
(3) जो शीघ्र प्रसन्न होने वाला हो ।
(4) जो तत्त्व को जानने वाला है ।

23. अकस्मात् या एकाएक घटित होने के लिए उपयुक्त एक शब्द है –
(1) आक्रामक (2) आद्योपांत
(3) आधिभौतिक (4) आकस्मिक

24. 'जिसके समान कोई दूसरा न हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त एक शब्द है –
(1) अद्भुत (2) असाधारण
(3) अनादि (4) अद्वितीय

25. वाक्य में जिसके विषय में कुछ कहा जाता है, उसे कहते हैं –
(1) विधेय (2) उद्देश्य
(3) विशेषण (4) अव्यय

26. निम्न में से मिश्र वाक्य का उदाहरण है :
(1) उसने अपने मित्र का पुस्तकालय खरीदा ।
(2) अच्छे लड़के परिश्रमी होते हैं ।
(3) लोकप्रिय कवि का सम्मान सभी करते हैं ।
(4) उसने कहा कि मैं निर्दोष हूँ ।

Adda247

GET IT ON Google Play

[redacted]

27. निम्न में से विधानार्थक/विधिवाचक वाक्य का उदाहरण है :
(1) तुम खाना खाओ ।
(2) क्या तुम खा रहे हो ?
(3) उसने खा लिया होगा ।
(4) हम खाना खा चुके ।

28. "हमने खाना नहीं खाया ।" यह निम्न में से किस प्रकार का वाक्य है ?
(1) प्रश्नवाचक (2) विस्मयवाचक
(3) विधिवाचक (4) निषेधवाचक

29. हिन्दी वाक्य रचना के संबंध में निम्न में से अशुद्ध कथन है :
(1) विशेषण, विशेष्य या संज्ञा के बाद आता है ।
(2) संबोधन वाक्य में पहले आता है ।
(3) क्रिया–विशेषण क्रिया के पहले आता है ।
(4) प्रश्नवाचक पद उसी संज्ञा के पहले आता है, जिसके बारे में कुछ पूछा जाये ।

30. निम्न में से किस समूह में सभी शब्द शुद्ध हैं ?
(1) अत्यधिक, तात्कालिक, प्रज्ज्वलित
(2) केन्द्रीय, नदीयाँ, निरोग
(3) पत्नी, पशू, साधू
(4) उत्पात, जगद्गुरु, अत्युक्ति

31. निम्न में से अशुद्ध शब्द है :
(1) ऐतिहासिक (2) जगन्नाथ
(3) छत्रच्छाया (4) तदोपरांत

32. निम्न में किस समूह में सभी शब्द अशुद्ध हैं ?
(1) उज्वल, द्वंद्व, स्रोत
(2) मध्याह्न, स्वास्थ्य, उपलक्ष
(3) ज्योत्सना, सदोपदेश, श्रंखला
(4) बांसुरी, सन्यासी, चाँद

33. निम्न में से शुद्ध शब्द है :
(1) पड़ौसी (2) अतिथी
(3) अलोकिक (4) अनसूया

34. निम्न में से अशुद्ध शब्द है :
(1) भविष्य (2) धीरोदात
(3) आगामी (4) औचित्य

35. कौन सा वाक्य शुद्ध है ?
(1) नहाकर पुजारी जी पूजा करते हैं ।
(2) मैंने नौकर से एक पेड़ लगवाया ।
(3) भिखारी ने भुने चने खाते हुए पाँच बन्दरों को देखा ?
(4) यहाँ से वह सहपरिवार चला गया ।

36. निम्न में से शुद्ध वाक्य है :
(1) मैंने मेरा काम कर लिया ।
(2) परमात्मा के अनेकों नाम हैं ।
(3) साहित्य और समाज का घोर संबंध है ।
(4) सरला बच्चे को सुलाती है ।

37. "उसने चार वर्ष तक प्रतीक्षा देखी ।" इस वाक्य का शुद्ध रूप है –
(1) उसने चारों वर्ष तक प्रतीक्षा देखी ।
(2) वह चारों वर्ष प्रतीक्षा देखता रहा ।
(3) वह चार वर्षों तक प्रतीक्षा देखता रहा ।
(4) उसने चार वर्ष तक प्रतीक्षा की ।

38. निम्न में से शुद्ध वाक्य है :
(1) एक दूध का गिलास दो ।
(2) उसकी बुद्धि बड़ी विशाल है ।
(3) वह क्रोध से भरकर बोला ।
(4) हवा ठंडी बह रही है ।

Adda247 GET IT ON Google Play

39. अरे ! तुम इतनी जल्दी आ गए । इस वाक्य में क्रमशः प्रयुक्त विराम चिह्न हैं –
(1) विस्मयादिबोधक एवं अल्प विराम
(2) पूर्ण विराम एवं विस्मयादिबोधक
(3) अल्प विराम एवं पूर्ण विराम
(4) विस्मयादिबोधक एवं पूर्ण विराम

40. वाक्य में दो या दो से अधिक समान पदों या पदांशों में संयोजक अव्यय 'और' की गुंजाइश हो तो वहाँ निम्न में से कौन सा विराम चिह्न प्रयुक्त होता है ?
(1) पूर्ण विराम चिह्न
(2) अल्प विराम चिह्न
(3) उद्धरण चिह्न
(4) विस्मयादिबोधक चिह्न

41. 'आग बबूला होना' का अर्थ है –
(1) धोखा देना (2) बहुत गुस्सा होना
(3) विवेक न होना (4) और भड़काना

42. 'मूर्ख होना' के लिए निम्न में से उपयुक्त मुहावरा है :
(1) अपना राग अलापना
(2) अपना उल्लू सीधा करना
(3) अक्ल का अंधा होना
(4) अंधी सरकार होना

43. निम्न में से सुमेलित विकल्प नहीं है :
(1) चुगली करना – इधर-उधर की लगाना
(2) वश में होना – उल्लू सीधा करना
(3) हानि-लाभ सोचना – ऊँच-नीच समझना
(4) कुछ कम सुनना – ऊँचा सुनना

44. निम्न में से सुमेलित विकल्प नहीं है :
(1) अपनी करनी पार उतरनी – जैसा करोगे वैसा फल पाओगे
(2) उल्टे बाँस बरेली को – अपना अपराध न मानकर दूसरों पर बरसना
(3) एक और एक ग्यारह होते हैं – एकता में बड़ा बल
(4) ऊधो की पगड़ी माधो के सिर – किसी का दोष किसी पर मढ़ना

45. 'उगले तो अंधा, निगले तो कोढ़ी' का अर्थ है –
(1) समय बीत जाने पर काम करना
(2) विपरीत कार्य करना
(3) खाने को बहुत कम मिलना
(4) दुविधा में पड़ना

46. 'थोड़े लाभ के चक्कर में भारी नुकसान हो जाने' के लिए उपयुक्त लोकोक्ति है –
(1) गूदड़ में लाल नहीं छिपता
(2) गयी माँगने पूत, खो आई भरतार
(3) गवाह चुस्त मुद्दई सुस्त
(4) आँख का अंधा गाँठ का पूरा

Adda247
GET IT ON Google Play

**निर्देश :** प्र.सं. 47-49 के उत्तर निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित हैं :

नचिकेता जानना चाहता था कि मृत्यु के बाद जीवन है या नहीं, इसलिए उसने मृत्यु के देवता यम से प्रश्न किए। काफ़ी आग्रह के बाद यम ने कहा कि देवों को भी इसका उत्तर नहीं पता है, लेकिन यम पता लगाने की कोशिश करेंगे। यम ने कहा कि जो मरता है, वह शरीर है, आत्मा नहीं, जो अनंत है। भौतिक जगत् या संसार से मोहित होकर हमारे मस्तिष्क विश्वास करते हैं कि अहं, जो बाहरी अनुभवों की अस्थायी उपज है, हमारी असली पहचान है। यह झूठी पहचान हमें विभिन्न ऐंद्रिक उत्तेजनाओं के प्रति इस ढंग से प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए प्रेरित करती है, जो अहं को संतुष्ट करती है। चूँकि कर्म के ब्रह्मांडव्यापी नियम के अनुसार सभी जीवों को अपने कर्मों के फल भोगने पड़ते हैं, इसलिए आत्मा को हर बार किसी शरीर के बंधन में बँधकर और पिछले कर्मों द्वारा निर्धारित परिस्थितियों में अनेक जन्मों से होकर गुजरना पड़ता है। मुक्ति या मोक्ष इस बोध से उपजता है कि हमारी आत्मा ही हमारी असली पहचान है। बोध तभी प्राप्त होता है जब योग के बल से मन को शिक्षित किया जाता है कि वह इच्छाओं से ऊपर उठे, धर्म के नियमों का पालन करे, अहं को जीते और सांसारिक प्रलोभनों का त्याग करे, जो वैसे भी क्षणभंगुर हैं।

47. गद्यांश के अनुसार बोध प्राप्ति में उपयोगी नहीं है –
(1) इच्छाओं से ऊपर उठना
(2) ऐन्द्रिक सुखों की लालसा
(3) अहं पर विजय
(4) भौतिक प्रलोभनों का परित्याग

48. 'अहं' यम के अनुसार क्या है ?
(1) बाहरी अनुभवों की अस्थायी उपज
(2) ऐंद्रिक उत्तेजनाएँ
(3) मुक्ति या मोक्ष का बोध
(4) अहंकार पर विजय

49. गद्यांश के अनुसार मन को शिक्षित करने के लिए निम्न में से क्या करना चाहिए ?
(1) नित्य पूजा-पाठ आदि करें।
(2) तीर्थों की यात्रा करें।
(3) धर्म के नियमों का पालन करें।
(4) आजीविका के लिए कठोर परिश्रम करें।

50. लक्षणा शब्द-शक्ति का उदाहरण नहीं है –
(1) रे ! दो दिन का यौवन।
(2) दिवस का अवसान समीप था।
(3) इस खंडहर में बिजली-सी उन्मत्त ज़वानी दौड़ी होगी।
(4) हुई वीरता की वैभव के साथ सगाई झाँसी में।

51. "ओज गुण से युक्त होती है एवं इसमें मधुरता और सुकुमारता नहीं होती।" यह कथन निम्न में से किस रीति से संबंधित है ?
(1) गौड़ी (2) पांचाली
(3) वैदर्भी (4) अवंतिका

52. 'प्रस्तुत में अप्रस्तुत की संभावना' निम्न में से किस अलंकार में होती है ?
(1) उपमा (2) उत्प्रेक्षा
(3) रूपक (4) भ्रांतिमान

53. निम्न में से सोरठा छंद में नहीं होता :
(1) विषम चरण में 11 मात्राएँ होती हैं।
(2) सम चरण में 13 मात्राएँ होती हैं।
(3) यह मात्रिक अर्द्धसम छंद है।
(4) सम चरण तुकांत होते हैं।

Adda247 GET IT ON Google Play

54. 'पुष्य' या 'पुण्ड' को हिन्दी का प्रथम कवि निम्नलिखित में से किसने माना ?

(1) राहुल सांकृत्यायन

(2) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

(3) श्यामसुंदर दास

(4) शिवसिंह सेंगर

55. 'सातवीं शताब्दी से ही हम सिद्धों की रचनाओं को अपनी भाषा के प्रारंभिक रूप में पाते हैं ।' यह कथन किसका है ?

(1) डॉ. गणपति चंद्र गुप्त

(2) डॉ. रामकुमार वर्मा

(3) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(4) राहुल सांकृत्यायन

56. रामचंद्र शुक्ल द्वारा 'वीरगाथा काल' नामकरण में सम्मिलित रचनाओं में से नहीं है –

(1) विजयपाल रासो (2) पउम चरिउ

(3) खुमाण रासो (4) कीर्तिलता

57. निम्न में से प्रवृत्ति आधारित नामकरण नहीं है :

(1) भक्तिकाल (2) रीतिकाल

(3) भारतेन्दुकाल (4) पुनर्जागरण काल

58. निम्न में से सुमेलित युग्म नहीं है :

(1) रामानुजाचार्य – श्री संप्रदाय

(2) मध्वाचार्य – रुद्र संप्रदाय

(3) निम्बार्काचार्य – सनकादि संप्रदाय

(4) वल्लभाचार्य – वल्लभ संप्रदाय

59. सहजोबाई और दयाबाई निम्न में से किसकी शिष्याएँ थीं ?

(1) कबीरदास (2) दादूदयाल

(3) चरणदास (4) जसनाथ

60. निम्न में से सुमेलित युग्म नहीं है :

(1) मुल्ला दाऊद – चंदायन

(2) ईश्वरदास – सत्यवती कथा

(3) कुतुबन – मृगावती

(4) गणपति – लखमसेन पद्मावती कथा

61. निम्नलिखित में से कौन सा कवि 'अष्टछाप' से संबंधित नहीं है ?

(1) सूरदास (2) नंददास

(3) स्वामी हरिदास (4) छीतस्वामी

62. 'गोरख जगायो जोग, भगति भगायो लोग' – यह प्रसिद्ध उक्ति भक्तिकाल के किस कवि की है ?

(1) गोस्वामी तुलसीदास

(2) संत रविदास

(3) सूरदास

(4) नंददास

63. निम्न में से सुमेलित युग्म है :

(1) पद्माकर – शिवराज भूषण

(2) मतिराम – पद्माभरण

(3) जसवंतसिंह – भाषा भूषण

(4) भूषण – कविकुल कण्ठाभरण

64. डॉ. नगेन्द्र के अनुसार निम्नलिखित में से रीतिमुक्त काव्यधारा का कवि नहीं माना जाता है :

(1) रसलीन (2) घनानन्द

(3) बोधा (4) द्विजदेव

Adda247 GET IT ON Google Play

65. रचना और रचनाकार के संबंध में कौन सा जोड़ा सही नहीं है ?
(1) छत्रसालदशक – भूषण
(2) ललित ललाम – मतिराम
(3) अष्टयाम – सेनापति
(4) अंगदर्पण – रसलीन

66. निम्न में से सुमेलित युग्म नहीं है :
(1) गजानन माधव 'मुक्तिबोध' – तार सप्तक
(2) हरिनारायण व्यास – दूसरा सप्तक
(3) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना – दूसरा सप्तक
(4) विजयदेव नारायण साही – तीसरा सप्तक

67. निम्न में से पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' की रचना नहीं है :
(1) चंद हसीनों के ख़तूत
(2) दिल्ली का दलाल
(3) दिल्ली का व्यभिचार
(4) शराबी

68. दीपक दीया तेल भरि, बाती दई अघट्ट ।
पूरा किया बिसाहूणाँ, बहुरि न आँवौ हट्टं ।।
उक्त साखी में प्रयुक्त 'बिसाहूणाँ' का क्या अर्थ है ?
(1) आवागमन (2) मोक्ष
(3) ख़रीद–फ़रोख़्त (4) अन्यमनस्क

69. "नाथ लखनु पुरु देखन चहहीं, प्रभु सकोच डर प्रगट न कहहीं ।"
उक्त पंक्तियाँ 'रामचरित मानस' में किसने किससे कहीं ?
(1) लक्ष्मण ने राम से ।
(2) राम ने विश्वामित्र से ।
(3) विश्वामित्र ने जनक से ।
(4) जनक ने विश्वामित्र से ।

70. 'बहुरि सखी सुफलकसुत, आयो- पर्‌योसंदेह उर गाढ़ो' – भ्रमरगीतसार में यहाँ सुफलकसुत से आशय है –
(1) सूरदास (2) कृष्ण
(3) उद्धव (4) अक्रूर

71. स्याम मिलन सिंगार सजावाँ, सुखरी सेज बिछावाँ ।
मीरां रे प्रभु गिरधर नागर, बार बार बलि जावाँ ।।
उक्त पंक्तियों में अभिव्यक्त भाव है –
(1) स्तुति–वंदना (2) विनय
(3) प्रेमाभिलाषा (4) विरक्ति

72. पिय बिछुरन कौ दुसहु दुखु, हरषु जात प्यौसार ।
दुरजोधन लौं देखियत, तजत प्रान इहि बार ।।
बिहारी की उक्त पंक्तियों में दुर्योधन को प्राप्त किस शाप की ओर संकेत है ?
(1) अत्यधिक हर्ष पर मृत्यु ।
(2) अत्यधिक शोक पर मृत्यु ।
(3) शोक और हर्ष के संयोग पर मृत्यु ।
(4) अत्यधिक रोष पर मृत्यु ।

73. जिण वन भूल न जांवता गैंद गवय गिड़–राज
तिण वन जंबुक ताखड़ा ऊधम मंडे आज !
सूर्यमल्ल मिश्रण की उक्त पंक्तियों में 'जंबुक ताखड़ा' का अर्थ है
(1) मदमस्त हाथी
(2) उद्धत–गीदड़
(3) क्रूर गैंडा
(4) हिंसक वराह

Adda247 GET IT ON Google Play

74. "मुझे ऐसा लगा मानो युद्ध की समस्या मनुष्य की सारी समस्याओं की जड़ हो ।" कुरुक्षेत्र के संदर्भ में दिनकर को कौन सी रचना लिखते हुए उक्त विचार आया ?
(1) हल्दी घाटी
(2) पेशोला की प्रतिध्वनि
(3) कलिंग विजय
(4) झाँसी की रानी

75. "कुसुम वैभव में लता समान चंद्रिका से लिपटा घनश्याम ।" 'कामायनी' की उक्ति पंक्ति में किसका वर्णन हुआ है ?
(1) इड़ा (2) श्रद्धा
(3) मनु (4) ईर्ष्या

76. 'उत्साह' निबंध में कर्म में आनंद अनुभव करने वालों को क्या कहा गया है ?
(1) उत्साही (2) कर्मण्य
(3) योद्धा (4) तत्पर

77. 'खून का टीका' में वर्णित मूंजा वालेचा निम्न में से कहाँ का रहने वाला था ?
(1) मेवात (2) बागड़
(3) गोड़वाड़ (4) ढूंढाड़

78. "मैं पाधा बन गया हूँ । करो जर्मनी के बादशाह का तर्पण !" 'उसने कहा था' में उक्त कथन निम्न में से किसका है ?
(1) लहनासिंह (2) वज़ीरासिंह
(3) हजारासिंह (4) बोधासिंह

79. "कर्त्तव्य उसके भीतर अरमान की भाँति उछल रहा था ।" 'पूस की रात' की उक्त पंक्ति में 'उसके' शब्द किसके लिए आया है ?
(1) हलकू (2) मुन्नी
(3) जबरा (4) सहना

80. 'लहरों के राजहंस' का कथानक निम्न में से किस रचना पर आधारित है ?
(1) मेघदूत (2) सौन्दर नंद
(3) मालविकाग्निमित्र (4) मृच्छकटिकम्

81. 'पटाक्षेप नहीं होगा' कहानी में अन्तत: चुनाव कौन जीत जाता है ?
(1) रामसिंह (2) इतवारीलाल
(3) नाहरसिंह (4) लच्छीराम

82. निम्नांकित में से 'पश्चिमी हिंदी' से संबद्ध बोली नहीं है :
(1) ब्रज (2) बुंदेली
(3) मारवाड़ी (4) खड़ीबोली

83. देवनागरी लिपि का उद्भव किस लिपि से हुआ ?
(1) खरोष्ठी लिपि (2) कलिंग लिपि
(3) ब्राह्मी लिपि (4) ग्रंथ लिपि

84. निम्नांकित में से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?
(1) जयशंकर प्रसाद : कंकाल
(2) अज्ञेय : नदी के द्वीप
(3) प्रेमचंद : गबन
(4) कमलेश्वर : वे दिन

Adda247 GET IT ON Google Play

85. निम्नांकित में से मोहन राकेश–कृत नाटक नहीं है :

(1) आषाढ़ का एक दिन

(2) मादा कैक्टस

(3) आधे अधूरे

(4) लहरों के राजहंस

86. निम्नांकित में से हजारीप्रसाद द्विवेदी–रचित निबंध संग्रह है :

(1) मिट्टी की ओर (2) चिंतामणि

(3) आत्मनेपद (4) आलोकपर्व

87. 'भीति–भित्ति' शब्द–युग्म का सही अर्थ है :

(1) भय–दीवार (2) भय–चित्र

(3) संकट–चित्र (4) चित्र–संकट

88. 'वह चलेगा ।' वाक्य में कौन सा काल है ?

(1) संभाव्य वर्तमान काल

(2) सामान्य वर्तमान काल

(3) सामान्य भविष्यत्काल

(4) संभाव्य भविष्यत्काल

89. 'अनल–अनिल' शब्द–युग्म का अर्थ है :

(1) हवा – अग्नि (2) अग्नि – हवा

(3) हवा – जल (4) जल – हवा

90. आश्रय की चेष्टाओं को कहते हैं –

(1) स्थायी भाव (2) अनुभाव

(3) विभाव (4) संचारी भाव

91. किस विकल्प के सभी शब्द स्त्रीलिंग रूप हैं ?

(1) तुरई, सरसों, आलू

(2) आँख, नाक, कान

(3) लौकी, चटाई, मिठाई

(4) सूजी, गेहूँ, चना

92. 'क्रिया के साधन का बोध' कराने वाला कारक है :

(1) सम्प्रदान (2) अपादान

(3) करण (4) अधिकरण

93. किस विकल्प में 'भाववाच्य' का प्रयोग हुआ है ?

(1) मज़दूर पेड़ से फल तोड़ रहा है ।

(2) खेत में सिंचाई हो रही है ।

(3) किसान से चला नहीं जाता ।

(4) वह चाकू से सब्जी काट रही है ।

94. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प बहुवचनवाची नहीं है ?

(1) तारागण (2) दूधवाला

(3) पाठकवर्ग (4) गुरुजन

95. 'उजाले के मुसाहिब' कहानी के संदर्भ में कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) इस कहानी के लेखक विजयदान देथा 'बिज्जी' के नाम से भी जाने जाते हैं ।

(2) इसमें चकवा एक राजा की कहानी चकवी को सुनाता है ।

(3) इसमें प्रकारान्तर से एक राजा की मूर्खता का चित्रण किया गया है ।

(4) अँधेरा मिटाने का पहला उपाय दीवान ने सुझाया था ।

96. महावीरप्रसाद द्विवेदी 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक कब बने ?

(1) सन् 1900 में (2) सन् 1901 में

(3) सन् 1902 में (4) सन् 1903 में

Adda247

GET IT ON Google Play

97. गम्भीर वाचन का उद्देश्य है –
(1) अवकाश का सदुपयोग करना
(2) आनन्द प्राप्त करना
(3) विषयवस्तु पर अधिकार करना
(4) भाषा का अभ्यास करना

98. वाचन शिक्षण की ध्वन्यात्मक पद्धति किन विधियों के अन्तर्गत आती है ?
(1) विश्लेषणात्मक विधियाँ
(2) समाहारक विधियाँ
(3) संश्लेषणात्मक विधियाँ
(4) संगति विधियाँ

99. मूर्धा उच्चारण स्थान से उत्पन्न होने वाला व्यंजन है –
(1) त (2) ट
(3) द (4) म

100. जिन व्यंजनों के उच्चारण में वायु-प्रवाह मुख और नासिक दोनों रन्ध्रों से होकर निकलता है उन्हें कहा जाता है –
(1) स्पर्श व्यंजन (2) प्रकम्पित व्यंजन
(3) पार्श्विक व्यंजन (4) नासिक्य व्यंजन

101. ग्राह्यात्मक कौशल है –
(1) पठन और लेखन कौशल
(2) श्रवण और लेखन कौशल
(3) पठन और मौखिक अभिव्यक्ति कौशल
(4) पठन और श्रवण कौशल

102. 'कविता सृजनात्मक अभिव्यक्ति है और गद्य निर्माणात्मक अभिव्यक्ति है ।' इस विचार के लेखक हैं –
(1) पंडित करुणापति त्रिपाठी
(2) डी.डब्ल्यू. रेनी
(3) हरबर्ट रीड
(4) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

103. 'गद्यं कवीनाम् निकषं वदन्ति' – इस उक्ति के प्रणेता हैं –
(1) बाणभट्ट
(2) आचार्य श्यामसुन्दर दास
(3) पंडित हजारीप्रसाद द्विवेदी
(4) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

104. व्याकरण शिक्षण में जब अध्यापक पहले नियम को स्पष्ट कर, छात्रों से उसका वाचन करा के, कई उदाहरण प्रस्तुत करता है तो वह व्याकरण शिक्षण की विधि है –
(1) भाषा-संसर्ग विधि (2) निगमन विधि
(3) आगमन विधि (4) समवाय विधि

105. किसी सत्र के लिए उपलब्ध कार्य-दिवसों के अनुपात में पाठ्यक्रम में निर्धारित समस्त पाठ्य सामग्री, पाठ्य-क्रियाओं और सहगामी गतिविधियों के सुचारु सम्पादन के लिए कार्यक्रम निश्चित करना कहलाता है –
(1) इकाई योजना
(2) पाठ योजना
(3) वार्षिक योजना
(4) सूक्ष्म पाठ योजना

106. निम्न में से भरतमुनि के अनुसार नाटक शिक्षण का प्रमुख प्रयोजन है :
(1) स्वाध्याय की आदत का विकास करना ।
(2) हितकारी उपदेश देना ।
(3) कल्पनाशक्ति के प्रयोग के अवसर देना ।
(4) चिन्तन में स्पष्टता, संगतता एवं क्रमबद्धता लाना ।

Adda247 GET IT ON Google Play

107. बच्चों को अपने भावों, विचारों तथा अनुभवों को प्रभावशाली ढंग से मौखिक एवं लिखित रूप में अभिव्यक्ति करने का प्रशिक्षण देना है –
(1) पद्य शिक्षण (2) व्याकरण शिक्षण
(3) रचना शिक्षण (4) नाटक शिक्षण

108. अच्छी रचना का अपेक्षित गुण नहीं है –
(1) रचना की भाषा सरल, सुबोध तथा विषयानुकूल हो।
(2) सम्पूर्ण रचना एक ही अनुच्छेद में होनी चाहिए।
(3) रचना में सभी भाव व विचार उचित क्रमानुसार व्यक्त हों।
(4) रचना में शब्दों की वर्तनी व विराम चिह्नों का शुद्ध व सही प्रयोग हो।

109. वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियों से अभिप्राय है –
(1) वाचन में की जाने वाली अशुद्धियों से
(2) उच्चारण में की जाने वाली अशुद्धियों से
(3) लेखन में की जाने वाली अशुद्धियों से
(4) पढ़ने में की जाने वाली अशुद्धियों से

110. भाषा सम्बन्धित वह कौशल जो न केवल सीखने का प्रथम चरण है अपितु अन्य कौशलों को विकसित करने का आधार भी माना जाता है –
(1) श्रवण कौशल
(2) लेखन कौशल
(3) वाचन कौशल
(4) मौखिक अभिव्यक्ति कौशल

111. हिन्दी भाषा की अशुद्धियों का सही वर्ग नहीं है
(1) वाचन सम्बन्धी अशुद्धियाँ
(2) लेखन सम्बन्धी अशुद्धियाँ
(3) विन्यास सम्बन्धी अशुद्धियाँ
(4) अध्यापन सम्बन्धी अशुद्धियाँ

112. भाषा शिक्षण हेतु शिक्षण साधनों में सर्वाधिक सहायक सरल, सहज व आसानी से उपलब्ध व प्रयुक्त होने वाला सहायक साधन है –
(1) भाषा प्रयोगशाला (2) स्लाइड प्रोजेक्टर
(3) श्यामपट्ट (4) लिंग्वाफोन

113. वह प्रक्रिया जिसके द्वारा विद्यार्थी द्वारा अर्जित ज्ञान का ही नहीं, अपितु शिक्षण के उद्देश्यों की प्राप्ति व शिक्षण पद्धति के प्रभाव की भी जाँच सम्भव होती है, कही जाती है –
(1) मापन (2) परीक्षण
(3) नैदानिक परीक्षण (4) मूल्यांकन

114. किसी भी वस्तु का प्रतिनिधात्मक रूप जिसमें लम्बाई, चौड़ाई, ऊँचाई, मोटाई, गोलाई आदि में से कम से कम तीन बातें हों, उसे कहते हैं –
(1) रेखाचित्र (2) चित्र प्रदर्शक यन्त्र
(3) प्रतिमूर्ति (4) चित्र

115. लिखित परीक्षा मुख्यतः कितने प्रकार की होती हैं ?
(1) 2 (2) 3
(3) 4 (4) 6

116. विद्यार्थियों के ज्ञान, बोध एवं स्मृति का परीक्षण किस परीक्षा के द्वारा किया जाता है ?
(1) निबन्धात्मक परीक्षा
(2) लघु–उत्तरात्मक परीक्षा
(3) वस्तुनिष्ठ परीक्षा
(4) लिखित परीक्षा

Adda247
GET IT ON Google Play

[redacted]

117. निम्न में से संयुक्त व्यंजन है :

(1) त्र (2) त
(3) श (4) ह

118. निम्न में सुमेलित युग्म नहीं है :

(1) अंतःस्थ व्यंजन – व
(2) दीर्घ स्वर – ऋ
(3) संयुक्त व्यंजन – क्ष
(4) ऊष्म व्यंजन – ह

119. निम्न में से ग़लत विकल्प कौन सा है ?

(1) लृ का प्रयोग स्वर के रूप में हिंदी में नहीं होता ।
(2) विसर्ग न तो स्वर है न व्यंजन ।
(3) अनुस्वार की तरह विसर्ग भी स्वर के पहले आता है ।
(4) ह्रस्व स्वर की उत्पत्ति दूसरे स्वरों से नहीं होती ।

120. निम्न में से अशुद्ध है :

(1) प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा और पाँचवाँ वर्ण अल्पप्राण व्यंजन हैं ।
(2) प्रत्येक वर्ग का पहला और चौथा वर्ण तथा ऊष्म वर्ण महाप्राण हैं ।
(3) अल्प प्राण की अपेक्षा महाप्राण वर्णों में प्राण वायु का अधिक उपयोग होता है ।
(4) क्ष, त्र और ज्ञ की गणना स्वतंत्र वर्णों में नहीं होती ।

121. निम्न में से अघोष वर्ण नहीं है :

(1) क (2) ख
(3) व (4) फ

122. निम्न में से किस समूह में सभी शब्द तत्सम हैं ?

(1) आम्र, त्वरित, तिक्त
(2) अग्नि, सौत, पर्यंक
(3) शत, भक्त, सौंफ
(4) पुष्प, घोड़ा, चतुर्थ

123. तत्सम–तद्भव की दृष्टि से सुमेलित युग्म नहीं है –

(1) वत्स – बछड़ा
(2) चंचु – चोंच
(3) हल्दी – हरदी
(4) क्षीर – खीर

124. कवि, आज्ञा, अग्नि और वायु निम्न में से किस प्रकार के शब्द हैं ?

(1) तद्भव (2) विदेशी
(3) तत्सम (4) देशज

125. निम्न में से विदेशी शब्द नहीं है :

(1) आदमी (2) ख़र्च
(3) गुलाब (4) आखर

126. तत्सम – तद्भव की दृष्टि से सुमेलित नहीं है :

(1) कृपा – किरपा
(2) ज्येष्ठ – जेठ
(3) अम्लिका – आँवला
(4) कूप – कुआँ

127. 'दाँत', 'नीम' और 'पहर' जैसे शब्दों को कहते हैं –

(1) तत्सम (2) तद्भव
(3) विदेशी (4) आगत

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

128. निम्न में से किस समूह में केवल 'अविकारी' शब्द हैं ?
(1) लड़का, घर, पशु
(2) परंतु, अचानक, बिना
(3) स्त्री, काला, बादल
(4) भाषा, शब्द, डंठल

129. निम्न में से 'विकारी' शब्द भेद नहीं हैं :
(1) संज्ञा (2) क्रिया-विशेषण
(3) क्रिया (4) सर्वनाम

130. निम्न में से किस समूह के सभी शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा हैं ?
(1) बहन, भारतीय, श्याम
(2) सुरेश, गंगा, सोमवार
(3) वाराणसी, ठग, गाय
(4) हिमालय, रामचरितमानस, मित्रता

131. 'कोई' और 'कुछ' निम्न में से क्या हैं ?
(1) संबंधवाचक सर्वनाम
(2) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(4) निश्चयवाचक सर्वनाम

132. निम्न में से किस समूह में सभी शब्द गुणवाचक विशेषण नहीं हैं ?
(1) नया, पुराना, ताजा
(2) लंबा, चौड़ा, गहरा
(3) आधा, बहुत, अल्प
(4) भला, बुरा, उचित

133. 'देव्यैश्वर्य' का संधि-विच्छेद क्या होगा ?
(1) देवी + ऐश्वर्य (2) देवी + एश्वर्य
(3) देव + ऐश्वर्य (4) देव + एश्वर्य

134. "जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है", उसे कहते हैं –
(1) विशेषण (2) क्रिया
(3) अव्यय (4) संज्ञा

135. '______ में विकार होने से क्रिया निर्मित होती है' – वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु सही विकल्प है
(1) अव्यय (2) विशेषण
(3) धातु (4) सर्वनाम

30976669

136. 'जल्दी', 'धीरे' और 'अभी' निम्न में से क्या हैं ?
(1) क्रिया (2) सर्वनाम
(3) क्रिया-विशेषण (4) संज्ञा

137. निम्न में से पुल्लिंग शब्द है :
(1) गंगा (2) यमुना
(3) सतलज (4) हिमाद्रि

138. निम्न में से किस विकल्प के सभी शब्द बहुवचन में भी यथावत् प्रयुक्त होते हैं ?
(1) लड़का, घर, नीतियाँ
(2) प्राण, हस्ताक्षर, दर्शन
(3) साड़ी, नारियाँ, भाग्य
(4) लोग, लता, साधु

139. जिस कारकीय रूप से किसी वस्तु के अलग होने का बोध होता हो, उसे कहते हैं –
(1) संप्रदान कारक
(2) अधिकरण कारक
(3) संबंधकारक
(4) अपादान कारक

Adda247 GET IT ON Google Play

140. निम्न में से किस काल से यह बोध होता है कि बोलने या लिखने के ठीक पहले कार्य पूरा हुआ ?
(1) सामान्य भूतकाल
(2) अपूर्ण भूतकाल
(3) पूर्ण भूतकाल
(4) अपूर्ण वर्तमानकाल

141. निम्न में से भाववाच्य का उदाहरण है :
(1) मैंने पुस्तक पढ़ी है ।
(2) आम खाया जाता है ।
(3) लड़का खाता है ।
(4) मुझसे बैठा नहीं जाता ।

142. सत् + शास्त्र की संधि होगी –
(1) सत्छात्र (2) सद्शास्त्र
(3) सद्छात्र (4) सच्छास्त्र

143. निम्न में से यण स्वर संधि का उदाहरण है :
(1) गवेषणा (2) पर्यटन
(3) सदैव (4) विस्मरण

144. निम्न में से किस समूह में सभी व्यंजन संधि से निर्मित हैं ?
(1) षडानन, उल्लास
(2) अतएव, आच्छादन
(3) कपीश, सदाचार
(4) जगदीश, मानवेतर

145. मनमाना एवं देशनिकाला शब्दों में क्रमशः समास का नाम बताइए –
(1) करण तत्पुरुष; अपादान तत्पुरुष समास
(2) अव्ययीभाव; द्वन्द्व समास
(3) अधिकरण तत्पुरुष; सम्प्रदान तत्पुरुष समास
(4) द्विगु; द्वन्द्व समास

146. निम्न में से गलत कथन है :
(1) अव्ययीभाव समास में पूर्व पद प्रधान होता है ।
(2) तत्पुरुष समास में पूर्व पद प्रधान होता है ।
(3) द्वंद्व समास में दोनों पद प्रधान होते हैं ।
(4) बहुव्रीहि समास में कोई भी पद प्रधान नहीं होता है ।

147. निम्न में से सुमेलित विकल्प नहीं है :
(1) अव्ययीभाव – भरपेट, यथाशक्ति
(2) तत्पुरुष – सीता–राम, भाई–बहन
(3) द्विगु – त्रिभुवन, पंचवटी
(4) बहुव्रीहि – चतुर्भुज, जितेंद्रिय

148. निम्न में से किस विकल्प में सभी सामासिक पद 'तत्पुरुष' हैं ?
(1) गंगाजल, राष्ट्रपति, प्रतिमान
(2) करुणासागर, नीलकमल, नरेश
(3) गृहस्वामी, सिरदर्द, दीर्घायु
(4) सिंहासनारूढ़, वनवास, रसोईघर

149. निम्नलिखित में से वह कौन सा शब्द है जिसमें उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) कुफल (2) कुरूप
(3) कुमार्ग (4) कुसुम

150. निम्नलिखित में से उस शब्द को छाँटिए, जिसमें 'न' का उपसर्ग की भाँति प्रयोग नहीं हुआ है :
(1) नास्तिक (2) नर्तकी
(3) नपुंसक (4) नेति

Adda247
GET IT ON Google Play

रफ कार्य के लिए स्थान



Adda247